**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**27.11.2024 के**

**तारांकित प्रश्न सं. 36 का उत्तर**

**होसदुर्ग रेलवे स्टेशन (चित्रदुर्ग) पर रेलगाड़ियों का ठहराव**

***36. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या चित्रदुर्ग जिले के होसदुर्ग रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 17325/17326 (विश्वमानव एक्सप्रेस), रेलगाड़ी संख्या 16535/16536 (गोलगुंबज़ एक्सप्रेस), रेलगाड़ी संख्या 17309/17310 (वास्को द गामा - वाईपीआर दैनिक एक्सप्रेस) और रेलगाड़ी संख्या 11005/11035/11021 (चालुक्य एक्सप्रेस) के ठहराव की लंबे समय से मांग की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या सरकार ने उपरोक्त रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में जोनल अधिकारियों के साथ कोई बैठक की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) होसदुर्ग रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त रेलगाड़ियों के ठहराव की अनुमति नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**होसदुर्ग रेलवे स्टेशन (चित्रदुर्ग) पर रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में दिनांक 27.11.2024 को लोक सभा में श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल के तारांकित प्रश्न सं. 36 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

(क) से (ग) रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालयों आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से देशभर में विभिन्न स्टेशनों पर रेलगाडियों के ठहराव देने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/शिकायतों/सुझावों का प्राप्त होना एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए ऐसे अनुरोधों का केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और व्यवहार्य एवं औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर इन पर कार्रवाई की जाती है।

वर्तमान में, होसदुर्ग रोड स्टेशन 8 मेल/एक्सप्रेस और 2 पैसेंजर गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, होसदुर्ग रोड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, 07.03.2023 से होसदुर्ग रोड पर विशेष गाड़ी सेवा यथा 06545/06546 यशवंतपुर-विजयपुरा स्पेशल गाड़ी का ठहराव भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा, यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान करना एक सतत प्रक्रिया है।

*****